अफवाह | संचालक बोले-पर्याप्त स्टॉक, अफवाहों में नहीं आए, पंपों पर पुलिस-प्रशासन तैनात

शहर में पेट्रोल पंप के बाद गैस एजेंसी में भीड़

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट में मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष के बाद पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है। मंगलवार रात पेट्रोल पंपों पर भीड़ लगने के बाद, आज बुधवार को गैस एजेंसियों पर भी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थिति ऐसी हो गई कि गैस एजेंसी संचालकों को व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी।

बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर गैस आपूर्ति से संबंधित किसी खबर के बाद लोग बड़ी संख्या में गैस एजेंसियों पर पहुंच गए। इससे एजेंसियों की सामान्य व्यवस्था प्रभावित हुई। गैस एजेंसी संचालक अनीश खान ने स्पष्ट किया कि गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

दूसरी ओर, बुधवार को भी पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखी गई। इसे देखते हुए प्रशासनिक और पुलिस अमला पेट्रोल पंपों पर तैनात किया गया है। हट्टा के पेट्रोल पंप पर नायब तहसीलदार मंजुला महोबिया की मौजूदगी में पेट्रोल वितरित किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

पेट्रोल को लेकर बढ़ती भीड़ के मद्देनजर, प्रशासन ने मौखिक रूप से राशनिंग के आदेश दिए हैं। इसके तहत, कुछ पेट्रोल पंपों पर दो सौ रुपए तो कुछ पर पांच सौ रुपए से अधिक का पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है।

नायब तहसीलदार मंजुला महोबिया ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों में न आएं और घबराएं नहीं, क्योंकि जिले में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक है और सभी को पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

परसवाड़ा क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बोरी बंधान

नवभारत, परसवाड़ा। जल गंगा संवर्धन अभियान (19 मार्च 2026 से 30 जून 2026) के अंतर्गत 'पानी रोको' अभियान को जनभागीदारी के साथ प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 25 मार्च 2026 को जनपद पंचायत परसवाडा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों—सिघई, उमरिया एवं अमवाही—में व्यापक स्तर पर बोरी बंधान कार्य संपन्न किया गया।

ग्राम पंचायत सिघई के नहरा नाले स्थित शिव मंदिर के पास प्रात: 9:00 बजे से बोरी बंधान कार्य प्रारंभ हुआ, जिसमें ग्राम पंचायत सिघई एवं उमरिया के सचिवों के नेतृत्व में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान जनपद सदस्य गणेश राहंगडाले, जनपद पंचायत परसवाडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.आर. उइके, सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं जनअभियान परिषद के टहेलसिंह पटले सहित उनके साथियों का विशेष सहयोग रहा।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत अमवाही के रक्सी नाला में भी बोरी बंधान कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस कार्य में ग्राम पंचायत अमवाही के सरपंच, पंच, सचिव एवं अन्य ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत परसवाडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिति ने कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया।

कार्यक्रम के दौरान जनपद स्तर से श्री सी.एल. दौने सहित ग्राम पंचायत सिघई, उमरिया एवं अमवाही के सचिव, रोजगार सहायक, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जल संरक्षण के इस पुनीत कार्य में श्रमदान कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

पीजी कॉलेज में 'अग्निवीर संवाद' कार्यक्रम आयोजित

सेना में कैरियर के अवसरों पर मिली जानकारी

नवभारत, बालाघाट। शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट के वर्चुअल सभागार में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 'अग्निवीर संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई। इस आयोजन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अग्निपथ योजना के अंतर्गत सेना भर्ती के अवसरों की जानकारी देना एवं उन्हें राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर आर्मी भर्ती कार्यालय, मुख्यालय जबलपुर से मेजर राहुल दास एवं हवलदार राजू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में कैरियर बनाने हेतु पंजीयन प्रक्रिया, भर्ती प्रक्रिया एवं आवश्यक योग्यता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही अनुशासित सैन्य जीवन के महत्व को बताते हुए युवाओं को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन टी.पी.ओ. डॉ. प्रतिमा बिसेन (सहायक प्राध्यापक) द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार पंचारिया, श्रीमती रेखा बिसेन, श्री भीवेंद्र धुर्वे, डॉ. ताराचंद बड़गैया सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को सेना में कैरियर बनाने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तथा उनमें देशसेवा के प्रति उत्साह का संचार हुआ।

घायल तेंदुए को मिला नया जीवन : रेस्क्यू एवं उपचार के बाद जंगल में हुई वापसी

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट जिले के वन क्षेत्र में मानवता और वन्यजीव संरक्षण की एक प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली, जहां एक घायल तेंदुए को न केवल बचाया गया, बल्कि उपचार के बाद सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक आवास में वापस छोड़ दिया गया।

घटना 13 मार्च 2026 की है, जब वन परिक्षेत्र बालाघाट सामान्य की बीट आगरवाड़ा अंतर्गत ग्राम बीजाटोला के पास नहर किनारे एक तेंदुए के घायल होने की सूचना वन विभाग को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए बचाव कार्य शुरू किया। वनसंरक्षक गौरव चौधरी एवं वनमंडल अधिकारी नित्यानंदम एल. के निर्देशन में, मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक से अनुमति प्राप्त कर विशेषज्ञ टीम को मौके पर भेजा गया। रेस्क्यू अभियान में नानाजी देशमुख वन्यप्राणी पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय की पशुचिकित्सक टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। टीम ने घायल तेंदुए का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसे उपचार हेतु मुक्की रेस्क्यू सेंटर भेज दिया था।

कुछ दिनों तक चले उपचार के बाद तेंदुए की स्थिति में सुधार हुआ और विशेषज्ञ पशुचिकित्सकों द्वारा उसे पूर्णत: स्वस्थ घोषित करते हुए फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किया गया। इसके बाद 24 मार्च को वन विभाग, पशुचिकित्सकों एवं कान्हा टाइगर रिजर्व के स्टाफ की मौजूदगी में तेंदुए को मानव व्यवधान से दूर एक सुरक्षित आरक्षित वन क्षेत्र में सफलतापूर्वक छोड़ दिया गया। यह पूरी कार्रवाई वन विभाग की सजगता, विशेषज्ञों के समन्वय और वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस प्रयास से न केवल एक वन्यजीव का जीवन बचाया गया, बल्कि जैव विविधता संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

कक्षा 5वीं में राज्य में दूसरा, 8वीं में तीसरा स्थान

बालाघाट। कक्षा 5वीं एवं 8वीं के परीक्षा परिणामों में बालाघाट जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर टॉप फाइव में स्थान बनाया है। कक्षा 5वीं में बालाघाट जिला पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहा है। इस कक्षा में कुल 25,936 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 25,755 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिले का कुल परीक्षा परिणाम 99.30 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 8वीं में बालाघाट जिला राज्य में तृतीय स्थान पर रहा है। कक्षा 8वीं में 24,479 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे, जिनमें से 24,164 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस कक्षा का कुल परिणाम 98.71 प्रतिशत दर्ज किया गया।

इस शानदार सफलता का श्रेय शिक्षा विभाग की पूरी टीम, जिला प्रशासन एवं शिक्षकों के सतत प्रयासों को दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ द्वारा प्रत्येक मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित की जाती थी, जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता प्रमुख विषय रहा। सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक श्री जी पी बर्मन ने बताया कि पूरे सत्र के दौरान प्रत्येक माह मासिक टेस्ट आयोजित किए गए और मॉनिटरिंगकर्ताओं द्वारा हर सप्ताह 10 स्कूलों का निरीक्षण किया गया। साथ ही ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू होने से शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हुई, जिससे अध्यापन कार्य में सुधार आया।जिला शिक्षा केंद्र की टीम द्वारा प्रत्येक विकासखंड में हर माह 40-40 स्कूलों की मॉनिटरिंग की गई। इसके साथ ही जनपद शिक्षा केंद्र, बीएसी एवं जनशिक्षकों द्वारा भी लगातार निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप बालाघाट जिले ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

सांदीपनि विद्यालय परसवाड़ा में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

परसवाड़ा। सांदीपनि विद्यालय परसवाड़ा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रशासन द्वारा कक्षा 6वीं एवं कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सांदीपनि विद्यालय परसवाड़ा के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया है कि विद्यालय से 8 किलोमीटर के दायरे में निवास करने वाले अभिभावकों के बच्चों के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए छात्र की आयु 31 जुलाई 2026 तक 11 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है, जबकि कक्षा 9वीं के लिए आयु सीमा 14 वर्ष निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेजों में जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आधार कार्ड तथा कक्षा 5वीं/8वीं उत्तीर्ण अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। विद्यालय कार्यालय से आवेदन पत्र 25 मार्च 2026 से कार्यालयीन समय में प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है।

खैरलांजी में पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाह से मची अफरा-तफरी

नवभारत, खैरलांजी। खैरलांजी क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाह ने अचानक माहौल गरमा दिया। जैसे ही यह खबर व्हाट्सएप से फैली, बड़ी संख्या में लोग अपने-अपने वाहनों के साथ-साथ डिब्बे और बोतलें लेकर पेट्रोल पंप की ओर दौड़ पड़े। देखते ही देखते पंप पर हजारों की भीड़ इकट्ठा हो गई, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर खैरलांजी पुलिस पहुंची। पुलिस ने लोगों को समझाइश देते हुए बताया कि ईंधन की कोई वास्तविक कमी नहीं है और अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही, भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए, जिससे हालात धीरे-धीरे सामान्य हुए।

प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अपुष्ट खबरों पर विश्वास न करें और शांति बनाए रखें।

नए राम मंदिर का मामला पहुंचा उच्च न्यायालय

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट नगर के सर्किट हॉउस स्थित नए राम मंदिर की भूमि के राजस्व खसरो में भारी गडबडी का मामला सामने आया है और ऐसा माना जा रहा है कि नए राम मंदिर की बेशकीमती भूमि पर भू-माफियाओं की नजर गड गई है । जिस मामले में बालाघाट नगर के जागरूक नागरिक वसंत पटेल ने पुरे मामले पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उनके द्वारा नए राम मंदिर की भूमि को राजस्व अभिलेखों में सुधार कर मंदिर की भूमि को भू-माफियाओं से बचाने के निरंतर प्रयास किये जा रहे है द्य उनके द्वारा नए राम मन्दिर के 8 प्रकरणों को उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय, राजस्व न्यायालय, रजिस्ट्रार न्यायालय भोपाल एवं प्रमुख सचिव न्यायालय में फाईल कर नए राम मंदिर की भूमि को बचाने का प्रयास किया जा रहा हैं ।

बालाघाट की श्री महावीर सेवा दल समिति रजिस्ट्रेशन नंबर 26, 18/10/1961 द्वारा संचालित राम मंदिर के 2 भूमि खसरे प. ह. न. 13/2, मौजा- तहसील-जिला बालाघाट में 362/2/8 रकबा 0.065 हेक्टेयर तथा 366/1 मे से 0.036 हेक्टेयर (नया नंबर 366/8) है। जिसकी भूमि राजस्व रिकॉर्ड में समिति के नाम पर नहीं है। जबकि उपखण्ड अधिकारी (रा) बालाघाट गोपाल सोनी के न्यायालय ने भू- राजस्व संहिता की धारा 44 में नामांतरण आदेश प्रकरण क्रमांक-अपील/10/2024 पारित कर चुके हैं। भूमि खसरा 362/2/8 मिसेल बंदोबस्ती 1914-15 और रजिस्ट्री (1962) दोनों में उत्तर दिशा में सर्किट हाउस रोड़ पर स्थित है जबकि वर्तमान राजस्व नक्शे में इसके दक्षिण दिशा में सर्किट हाउस रोड़ कर दिया गया है अर्थात भूमि बदल दी गई है। मूल खसरे 362/2 में 24262 वर्गफुट (लगभग 121 करोड़ रूपए) जगह अतिरिक्त जुड़ गई है। जबकि खसरा नंबर 366/1 की 19913 वर्गफुट (लगभग 40 करोड़ रूपए) जगह राजस्व रिकॉर्ड से गायब है।

एसडीएम के आदेश के बाद



नहीं हुआ नामांतरण

वर्तमान समय में नए राम मंदिर की भूमि मंदिर समिति के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज न होकर पूर्व के विक्रेता के नाम पर ही दर्ज है जिसको लेकर समिति के सदस्यों के द्वारा एसडीएम बालाघाट के न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया गया था जहा से नामांतरण के आदेश दिनांक 19/11/2024 को जारी होने के बाद भी तहसीलदार बालाघाट के द्वारा नए राम मंदिर की भूमि का नामांतरण नहीं किया गया है द्य

वर्ष 2018 में नये राम मंदिर की दान पेटी खोलने पर विवाद उत्पन्न हुआ। इस प्रकरण में बालाघाट कोतवाली थाना, तहसीलदार बालाघाट, अनुविभागीय अधिकारी (रा) बालाघाट एवं कलेक्टर कार्यालयों ने गुलशन भाटिया को नोटिस जारी किए थे। परंतु गुलशन भाटिया किसी भी प्रकरण में ना तो उपस्थित हुए और ना ही उन्होंने इसकी सूचना समिति के किसी भी सदस्य को दी। परिणाम स्वरूप ष्ट्रक्क्रष्ट की धारा 145 के तहत राम मन्दिर की भूमि के कब्जा के एक्स पार्टी आदेश कलेक्टर कार्यालय ने जारी कर दिए।

उच्च न्यायालय ने ड्ढक्क 15972/19 में दिनांक 17/3/23 के पैरा-18 के द्वारा कलेक्टर बालाघाट के ष्ट्रक्क्रष्ट की धारा 145 के राम मन्दिर के भूमि के कब्जा आदेश को खारिज कर दिया। इसके पश्चात प्रकरण रजिस्ट्रार फर्मस् एण्ड सोसाइटी भोपाल में समिति की कार्यकारिणी पर निर्णय के लिए चला। जिसकी अपील प्रमुख सचिव मंत्रालय भोपाल में फाइल की गई थी। जिसका अंतिम आदेश राज्यपाल के निर्देश पर दिनांक 06/02/2026 को जारी किया गया हैं। यह राज्यपाल आदेश सीधे समिति के तीन जीवित संस्थापक सदस्यों को उच्च न्यायालय के निर्देश ड्ढक्क 15972/19 के आदेश दिनांक 5/1/24 के परिपालन में जारी किया गया था।

वर्तमान में समिति के 3 संस्थापक सदस्य बालकिशन पंजाबी (महादेव किराना वाले, हरि आहुजा जी के पिता जी), किशनलाल बत्रा जी, कुन्दन लाल बत्रा जी (वर्तमान में सूरत निवासी) जीवित है। राज्यपाल आदेश की कंडिका (1) के अनुसार समिति के जीवित तीन संस्थापक सदस्यों को दिनांक 17/3/26 को समिति की साधारण सभा (मध्यप्रदेश सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 की पंजीयत नियमावली की धारा 10 साधारण सम्मिलन) का आयोजन कर एक्ट की नियमावली की धारा 12 (प्रबंधकारिणी समिति का गठन, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और 2 सदस्य) का चुनाव बहुमत के आधार पर करवाना था।

वन स्टॉप सेंटर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नवभारत, बैहर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 24 मार्च 2026 को वन स्टॉप सेंटर (सखी) बैहर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर मृणाल मीना, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपमाला मंगोलिया एवं वन स्टॉप सेंटर बैहर की प्रशासक सुश्री रचना चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अपर सत्र न्यायाधीश श्री सुरेन्द्र सिंह गुज्जर एवं स्वास्थ्य विभाग से संवेदिता कुमरे उपस्थित रहीं। न्यायाधीश श्री गुज्जर ने महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों और उनकी कानूनी कार्यवाही के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं संवेदिता कुमरे ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए घरेलू उपायों एवं नियमित व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर बैहर की टीम, छात्रावास की बालिकाएं, महिला मंडल, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

वैज्ञानिक तकनीकों से किसानों को किया गया जागरूक

नवभारत, जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में टीएसपी एवं एससीएसपी योजनाओं के तहत वानिकी विभाग द्वारा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी) ऑन एग्रोफॉरेस्ट्री के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी. के. कौतु के मार्गदर्शन तथा अधिष्ठाता डॉ. जयंत भट्ट के दिग्दर्शन में विभागाध्यक्ष डॉ. अजय खरे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। किसानों को एमपी-एसएफआरआई, बीआईएसए फार्म, जैव उर्वरक इकाई तथा विश्वविद्यालय की उन्नत वन नर्सरी का भ्रमण कराया गया। इस दौरान एग्रोफॉरेस्ट्री प्रजातियों, नर्सरी प्रबंधन, पौध उत्पादन एवं सतत कृषि प्रणालियों की व्यावहारिक जानकारी दी गई तथा वैज्ञानिकों से संवाद का अवसर मिला। कार्यक्रम में किसानों को ट्राइकोडर्मा पैकेट एवं नर्सरी पौधों का वितरण कर उन्नत तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे आय वृद्धि, मृदा स्वास्थ्य सुधार एवं जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रधान अन्वेषक डॉ. सोमनाथ सर्वदे ने किया। इस अवसर पर डॉ. यशपाल सिंह, डॉ. आर.पी. डोंगरे, डॉ. आर. डोंगरे, डॉ. पूर्णिमा मालवीय, डॉ. मनोज पाठक, डॉ. कैलाश कुमार, डॉ. अनिल कोरी, डॉ. विष्णु सोलंकी, डॉ. अजय शाह, डॉ. आकाश शुक्ला एवं श्री उमेश सिंह का विशेष योगदान रहा।

घरेलू गैस सिलेण्डर उपयोग करने पर बैहर बिरसा के 10 प्रतिष्ठानों पर प्रकरण दर्ज

नवभारत, बालाघाट। घरेलु उपयोग के 14.2 किलोग्राम वजन के गैस सिलेण्डरों पर होटल, रेस्टारेंट आदि में ०?यवसायिक उपयोग किये जाने के मामले में बैहर एवं बिरसा विकासखंड के 10 प्रति?ठानों के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आदेश 2002 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास?तव द्वारा 17 एवं 18 मार्च को बैहर एवं बिरसा विकासखंड के होटर, रेस्टारेंट आदि का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान ताज चौपाटी बैहर, कदम रेस?टारेंट बैहर, आईडिया ढाबा कैंडाटोला बिरसा, दावत-ए-बिरयानी मोहगांव, राजपुताना होटल बंजारी टोला, कादरी चिकन बिरयानी भीमजोरी, अल-जम-जम बिरयानी सेंटर मोहगांव, राठौर होटल दमोह, आरके होटल दमोह एवं शंकर भोजनालय दमोह में अवैध रूप से घरेलु गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग किया जाना

अन्यया, अवनी और आदया चौकसे का सुयश

नवभारत कटंगी 25 मार्च। मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा फरवरी 2026 में कक्षा आठवीं और पांचवी का परीक्षा परिणाम 25 मार्च को शिक्षा विभाग द्वारा घोषित कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार जिले में कटंगी ब्लॉक का कक्षा आठवीं में दूसरा स्थान लगा है, वहीं कक्षा पांचवी में कटंगी ब्लॉक का जिले में चौथा स्थान लगा है। बात की जाए कटंगी नगर निवासी अनन्या चौकसे ने कक्षा आठवीं की परीक्षा में 86च अंक हासिल किए, वहीं उसे 600 में 514 अंक प्राप्त हुए हैं। अवनी चौकसे ने कक्षा सातवीं में 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है, जो अरिहंत इंग्लिश स्कूल की छात्रा है। कटंगी नगर की बिटिया आदया चौकसे ने कक्षा पांचवीं में 81ज अंक हासिल किए। उसे 400 में 326 अंक प्राप्त हुए। अनन्या अरिहंत इंग्लिश स्कूल, वहीं आदया श्री मां साई पब्लिक स्कूल कटंगी की छात्रा है।